




**नवभारत**
भोपाल, रविवार ,15 फरवरी, 2026


# प्रशासन की मेहनत, गागर में समाया सागर

## रुद्राक्ष महोत्सव के सुचारू आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई हैं व्यापक स्तर पर तैयारियां

- सुबह व शाम किया गया वाहनों को डायवर्ट
- पैदल चलकर आए श्रद्धालु का पं. मिश्रा ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 फरवरी. शनिवार से प्रारंभ हुए रुद्राक्ष महोत्सव के पहले ही दिन जिला प्रशासन और पुलिस की सटीक रणनीति का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला. हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बावजूद कुबेरेश्वर धाम परिसर में व्यवस्थाएं पूरी तरह नियंत्रित रहीं और इंदौर-भोपाल हाईवे पर भी यातायात सामान्य रूप से संचालित होता रहा. सुबह और शाम को जरुर वाहनों को डायवर्ट किया गया था. इसके बावजूद व्यवस्थाएं बरकरार बनी रहीं.**

शनिवार से कुबेरेश्वर धाम पर रुद्राक्ष महोत्सव प्रारंभ हो गया है. इस मौके पर प्रथम दिवस मंदिर परिसर में हजारों रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग का पूर्ण पूजन अर्चन के पश्चात दोपहर में कथा का आयोजन किया गया. कथा के पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जब तुम्हारे मन में अशांति हो, बैचानी हो दस मिनिट के लिए वृक्ष के नीचे भगवान शिव का ध्यान करें. जब तक हमारा मन शांत नहीं होगा, ईश्वर के प्रति आस्थावान नहीं होगा, तब तक मनुष्य जीवन की सार्थकता नहीं है. कथा के पहले दिन महाराष्ट्र से पैदल चलकर आए एक पिता का पं. मिश्रा ने सम्मान किया. पर्यावरण के प्रति सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि शादियों में पानी की बर्बादी रोकना अनिवार्य है. पानी की बोतलों पर लिखा होना चाहिए. मैं जल हूं, आने वाला कल हूं' यदि हमने आज जल का सम्मान नहीं किया, तो भविष्य में इसके लिए तरसना पड़ेगा.

भगवान की शरण और चरण का अर्थ पंडित जी ने समझाया कि मंदिर में सिर झुकाना भगवान के चरणों में होना है, लेकिन मंदिर से निकलकर कार्यक्षेत्र पर जाते समय भगवान को याद रखना उनकी शरण में होना है.

आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्ययोजना के तहत पार्किंग, यातायात डायवर्जन, सुरक्षा घेरा, बैरिकेडिंग और भीड़ नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए थे. धाम परिसर में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनी रही. धाम परिसर और आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल, होमगार्ड और स्वयंसेवकों को तैनात किया गया. सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी की गई. मेडिकल टीम और एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई थी, जिससे किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके.



**सीहोर.** कुबेरेश्वरधाम पर शनिवार से रुद्राक्ष महोत्सव प्रारंभ हुआ. कथा के पहले दिन दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुजन शामिल हुए.

### प्रशासन का ट्रैफिक प्लॉन रहा कारगर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित न हो, इसके लिए पहले से ही रूट डायवर्जन और वैकल्पिक मार्ग चिन्हित किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती संवेदनशील बिंदुओं पर की गई, जिससे कहीं भी जाम की स्थिति निर्मित नहीं हुई. हालांकि रुद्राक्ष महोत्सव के पहले दिन सुबह से ऑटो और छोटे वाहनों की अधिक संख्या को देखते हुए वाहनों को डायवर्ट मार्गों से निकाला गया. दोपहर 12 बजे से फिर हाईवे को अन्य वाहनों के लिए खोल दिया गया था.शाम को कथा समाप्त होने के पहले फिर छोटे वाहनों को डायवर्ट मार्ग से निकाला गया. शाम छह बजे के बाद फिर हाईवे पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी. भारी वाहनों को पूर्व निर्धारित डायवर्ट मार्गों से निकाला जा रहा है. जिसकी वजह से इस बार किसी प्रकार की अव्यवस्था देखने को नहीं मिली.

### रेल प्रशासन की निर्णय से यात्रियों की फजीहत

एक ओर जिला प्रशासन जहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां कर उन्हें अमलीजामा पहना चुका है. जिसकी वजह से पहले दिन सुचारू व्यवस्थाएं देखने को मिलीं, वहीं रेल प्रशासन ने एक बार फिर यात्रियों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर कर दिया है. टिकट खिड़की से यात्रियों को टिकट नहीं दिए जा रहे हैं. प्लेटफार्म पर लगे स्टॉल से यात्रियों को टिकट खरीदने के लिए कहा जा रहा है. इसके अलावा प्लेटफार्म क्रमांक एक से दो पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज पर यात्रियों का आवागमन रोक दिया है. ऐसे में यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जाने के लिए लुनिया चौराहा तक का लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है, क्योंकि अगर यात्री पटरियों पर उतरकर प्लेटफार्म पर आना जाना करते हैं तो रेलवे पुलिस जुर्माना कर रही है.

## सिंगर दुबे का म्यूजिक एल्बम आज होगा जारी



**बुधनी.** युवा और प्रतिभाशाली सिंगर अचल दुबे उर्फ अचल पुजारी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अपना नया म्यूजिक एल्बम लॉन्च करने जा रहे हैं. एल्बम का प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर रिलीज होते ही खासा चर्चा में आ गया है और दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है. इस म्यूजिक एल्बम की खास बात यह है कि इसे नगर की दो बेटियों काव्या ठाकुर एवं विदुषी तिवारी पर फिल्माया गया है. दोनों कलाकार एल्बम में भगवान शिव और माता पार्वती की भूमिका में नजर आएंगी, जिससे एल्बम को धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा भी मिली है. काव्या ठाकुर नगर के पत्रकार राजेश ठाकुर मोनू की पुत्री हैं.अचल दुबे की मधुर आवाज को पहले भी श्रोताओं का भरपूर प्यार मिला है. उनके पूर्व में आए म्यूजिक एल्बमों ने भी अच्छी लोकप्रियता हासिल की है. नए एल्बम को लेकर संगीत प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है. महाशिवरात्रि के अवसर पर यह एल्बम धार्मिक आस्था और स्थानीय प्रतिभा का सुंदर संगम प्रस्तुत करेगा.

## गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना आवश्यक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 फरवरी.** शहर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं. वहीं शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए भी नपा का अमला सतर्क है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शनिवार को शहर के वार्ड क्रमांक सात में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समयसीमा पर किया जाए. उन्होंने 19 लाख से सीसी रोड़ के कार्य का यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से भूमिपूजन कार्य का शुभारंभ कराया.

इस दौरान उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने वालों पर भारी जुर्माना और कड़ी निगरानी जरूरी, इसके लिए शहर में स्वच्छता मित्रतों के अलावा कचरा गाड़ी आदि लगाई गई है. वहीं नगर में लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो इसके लिए भी नगर पालिका जल प्रभारी से चर्चा की. पार्षद विजेन्द्र परमार ने बताया कि नपाध्यक्ष द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शिवाजी कालोनी, जितेन्द्र कुशवाह से मालवीय के घर तक शिव मंदिर से गोविन्द्र गीते तक एवं गोपाल कुशवाह से राम सिंह के तक सीसी रोड़ का निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया गया. इस मौके पर पार्षद राजेश मांझी, नरेन्द्र राजपूत, अजय पाल सिंह राजपूत मौजूद थे.



## शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि, पूर्व सैनिकों का सम्मान

- भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया था श्रद्धांजलि आयोजन
- भाजपा नेताओं ने पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 फरवरी.** शनिवार को शहीद स्मारक पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमें वर्ष 2019 में 14 फरवरी को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. गगन नामदेव ने बताया कि राष्ट्र सदैव उनके बलिदान का ऋणी रहेगा.

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, गोपाल सोनी, प्रदीप बिजोलिया, सुदीप प्रजापति तथा सुरेश गुप्ता ने सभा को संबोधित किया. कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया. जिला अध्यक्ष श्री मेवाड़ा कहा कि सैनिक न केवल सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं, बल्कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी राष्ट्रसेवा के लिए तत्पर रहते हैं. कार्यक्रम में वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिक राम गोपाल आर्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा अपनी देह समाज हित में दान करने की घोषणा की.



### विहिप- बजरंग दल ने मनाया ब्लैक डे

**बुधनी.** नगर के महाराणा प्रताप चौराहे पर शनिवार शाम को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा ब्लैक डे मनाया गया. इस दौरान बड़ी संया में कार्यकर्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों की शहादत को स्मरण करते हुए कैंडल जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. साथ ही शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए.

## सनसनीखेज हत्याकांड का फैसला, तीन आरोपियों को उम्रकैद

- वर्ष 23 के अंतिम दिन हुआ था लोमहर्षक हत्याकांड
- युवक की हत्या का कारण बना प्रेम प्रसंग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 फरवरी.** वर्ष 23 के अंतिम दिन हुई युवक साहिल की हत्या के बहुचर्चित मामले में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर, विशेष न्यायालय, जिला सीहोर ने बड़ा फैसला सुनाया.

न्यायालय ने आरोपी साजिद, जुबैर और आमिर निवासी सिपाहीपुरा को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास तथा धारा 201 भादवि के तहत 7 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया. अभियोजन के अनुसार 31 दिसंबर 23 की रात करीब 11 बजे साहिल घर से मंडी चौराहे जाने की बात कहकर बाइक से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा. पिता रहमत अली ने रात में उसकी तलाश की, फोन भी लगाया, परंतु संपर्क नहीं हो सका. रात लगभग 3 बजे उसका मोबाइल बंद हो गया. अगले दिन थाना मंडी में गुमशुदगी दर्ज कराई गई. 2 जनवरी 24 को कब्रिस्तान नाले के पास एक अधजला शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली.मौके पर पहुंचे परिजनों ने छल्ले, बेल्ट के बक्कल और अंगूठी से शव की पहचान साहिल के रूप में की. पीएम रिपोर्ट में चाकू से वार कर हत्या और बाद में शव जलाने की पुष्टि हुई. कॉल डिटेल और साक्षियों के बयान के आधार पर पुलिस को पता चला कि साहिल को अंतिम बार उसकी महिला मित्र ने देखा था. उसके सामने साहिल और आरोपी साजिद के बीच विवाद हुआ था. जांच में सामने आया कि साजिद उक्त युवती से प्रेम करता था और विवाह करना चाहता था. इसी कारण उसने जुबैर के साथ मिलकर नाले के पास साहिल की चाकू मारकर हत्या कर दी.

हत्या के बाद आरोपियों ने आमिर को बुलाया और शव को एक्टिवा से नाले के पास ले जाकर जला दिया. मृतक की बाइक और घटना में प्रयुक्त चाकू पानी से भरी बाउंड्री में फेंक दिए, जबकि खून से सने कपड़े झाड़ियों में छिपा दिए गए. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू, बाइक, खून लगे कपड़े और अन्य सामग्री बरामद की. आमिर से मृतक का मोबाइल जब्त किया गया. डॉक्टर की रिपोर्ट में बरामद चाकू से मृत्यु होना पाया गया. डीएनए जांच में पुष्टि हुई कि शव रहमत अली और शहजादी का पुत्र साहिल ही था. कॉल डिटेल, टॉवर लोकेशन और साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया.



### 15 साक्षियों के बयान के बाद आया फैसला

विचारण के दौरान अभियोजन ने 15 साक्षियों के बयान दर्ज कराए। अंतिम तर्कों के पश्चात 13 फरवरी 2026 को न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और अन्य दंड से दंडित किया. प्रकरण में अभियोजन पक्ष का संचालन सेवानिवृत्त डीपीओ अनिल बादल एवं एडीपीओ आशीष त्यागी द्वारा किया गया.

## टीम ने जब्त किए चार ट्रैक्टर-ट्राली



**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में बुधनी एवं रेहटी क्षेत्र अंतर्गत खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा अवैध रेत परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त कर भैरूंदा थाने में खड़े किए हैं. जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान बताया जब्त किए गए वाहनों पर खनिज नियमों के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है. गौरतलब है कि क्षेत्र में नर्मदा नदी से रेत का अवैध खनन और परिवहनकिया जा रहा है. गाहे बगाहे कार्रवाई की जाती है. इसके बाद भी खनन और परिवहन पर रोक लगा पाने में विभाग नाकाम साबित हुआ है.

## आज होगा महाप्रसादी का वितरण

**सीहोर.** ग्राम शाहपुर कौड़िया में पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ऋणमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है. शनिवार को एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां पर जारी हवन में आहुतियां दी. यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने 1803 हवन में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी जा रही है. आगामी दिनों में यहां पर मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान से पूर्ण किया जाएगा. पुजारी पं. धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि को देवता, पूजन, प्राण प्रतिष्ठा के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा.

**पॉवर लिफ्टिंग** | जिला मुख्यालय पर सीनियर स्टेट पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## खेलों से शारीरिक शक्ति और अनुशासन होते विकसित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 फरवरी.** क्रिसेंट ग्रीन गार्डन में सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुई. इसमें प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया.

कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी अखिलेश राय व डॉ गगन नामदेव द्वारा किया गया. श्री राय ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक शक्ति बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और जुझारूपन के गुणों का भी विकास करते हैं. पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने अतिथियों का सम्मान किया. राज्य स्तरीय इस स्पर्धा में विभिन्न जिलों से आए पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया. विजयी खिलाड़ियों को मैडल और प्रमाण पत्र महेश चौधरी व जिला खेल अधिकारी रूबिका दीवान ने प्रदान किए. आयोजक समिति के भारत सोनी, नितिन शर्मा, सत्यनारायण वारिया, सुमित गिरोठिया, प्रतीक नामदेव ने अंकित शर्मा, विकास वारिया, नमन सोनी का आभार व्यक्त किया. प्रतियोगिता में अरिहंत जैन, नयन शर्मा, अनुराग बेन, धुव्र राज कुरे, अंटोन शाजी, विवेक पांडे, सुमित सिंह ठाकुर, अमन भगत, अभिषेक शर्मा, योगेश नाथ, हर्ष रघुवंशी, मयंक शर्मा, जयसिंह बाघ, हर्ष रघुवंशी, मयंक शर्मा, शशांक जोशी, आशीष यादव, स्नेहराज सिंह पंवार, मयंक जोशी, बुद्धदेव सिन्हा,आदित्य सिंह कुशवाहा, सुदर्शन तिवारी, परितेश पाल, दमखम दिखाया.




### एक नजर में



### वैलेंटाइन-डे नहीं बच्चों ने मनाया माता-पिता दिवस

**बुधनी.** डीडी कॉन्वेंट स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया. जिसमें अभिभावकों का स्वागत किया गया. विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के चरणों में नतमस्तक होकर तिलक लगाया और आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान अभिभावकों की आंखें खुशी और गर्व से नम हो गई. विद्यार्थियों ने कहा कि वैलेंटाइन डे हमारी भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं है, इसलिए विद्यालय में माता-पिता दिवस मनाना एक सराहनीय पहल है. माता-पिता हमारे प्रथम गुरु हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है. प्राचार्य जेके त्रिपाठी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है. आज की युवा पीढ़ी को पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से दूर रखते हुए भारतीय संस्कारों की ओर प्रेरित करना है. वहीं अभिभावकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और उनमें माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना प्रबल होती है.




### महिला हितग्राहियों को वितरित किए नि:शुल्क गैस कनेक्शन

**बुधनी.** प्रधानमंत्री उज्वला योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं. इसी क्रम में ग्राम खांडाबड़ में सात पात्र महिला हितग्राहियों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन चूल्हा, सिलेंडर, रेगुलेटर एवं पाइप वितरित किए गए. कार्यक्रम में सरपंच सुनीता कलम, जनपद सदस्य रेखा उइके, राजेश कलम, सचिव ताहर सिंह मालवीय, श्रीराम उइके, मंजू परते, प्रवीण मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने योजना को गरीब परिवारों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं का जीवन स्तर सुधरेगा और घरेलू कार्यों में सुविधा बढ़ेगी.



### नव उल्लास साक्षरता कार्यक्रम में दिया प्रशिक्षण

**इछावर.** शासकीय उमावि बोरदी कलां में नव उल्लास साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक अक्षर साथी तथा आजीविका मिशन से एसआरएलएम प्रतिनिधि उपस्थित थे. इस अवसर पर उपस्थित साथियों को नव साक्षरता पंजीयन की प्रक्रिया, ग्राम सर्वे किस प्रकार किया जाना है, इसकी जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों को समझाया गया. प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सोलंकी, प्राचार्य बाबूलाल मालवीय, चंदरसिंह ठाकुर, महेश राठौर, धरम सिंह वर्मा, अर्जुन ठाकुर, तिलकराम वर्मा आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन जिला साक्षरता समन्वयक लखन माहेश्वरी एवं बीआरसी सुभाष चंद्र दुबे ने किया.




### किसी भी बंदी के साथ न हो जाति आधारित भेदभाव

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने जिला जेल का निरीक्षण किया. उन्होंने बंदियों के लिए विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया तथा बंदियों से जाति आधारित भेदभाव या भेदभावपूर्ण प्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली. न्यायाधीश श्री आर्य ने सभी संबंधितों को निर्देश दिए कि जेल में किसी भी बंदी के साथ जाति आधारित भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए. इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान,शरद जोशी, राजेन्द्र कुमार कुशवाह, आसिफ खान, एकता सेन एवं जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल उपस्थित थे.



### छापामार कार्रवाई में जब्त किए 16 घरेलू गैस सिलेंडर

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है. कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि जांच के दौरान कुबेरेश्वर धाम स्थित 13 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 16 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए. यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी.


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मुझ गजराज सिंह की पुत्री के आधार कार्ड क्र. 309984491162 में त्रुटिवश मुझ प्रार्थी की पुत्री का नाम सरिता (SARITA) नाम अंकित हो गया है एवं मुझ प्रार्थी की पुत्री के अन्य दस्तावेज, अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र में दीपिका (DIPIPIKA) पुत्री गजराज सिंह अंकित है जो वास्तविक व सही है। अत: प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम दीपिका (DIPIPIKA) के नाम से जाना व पहचाना जावे।